सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–14.10.2026 (बुधवार) के पूर्वाह्न 10:30 बजे बी.पी. सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना के क्रियाशील एवं सफल संचालन हेतु आहूत बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री विवेक रंजन मैत्रेय, निदेशक, (खेल निदेशालय), खेल विभाग।
2. श्री रजनीकान्त, कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर।
3. श्री निरंजन कुमार, सरकार के संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
4. श्री संजय कुमार, सहायक निदेशक, क्रीड़ा, खेल निदेशालय।
5. श्री जयनारायण कुमार, प्रभारी प्राचार्य, बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर पटना।

कार्यवाही

1. सर्वप्रथम अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों से बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना को क्रियाशील करने हेतु कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर द्वारा दिए गए प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। जिसमें निर्मित अवसंरचना का उपयोग योग्य है या नहीं? इसका साक्ष्य हेतु श्री पवन कुमार, सहायक अभियन्ता, खेल विभाग को उक्त कार्य हेतु प्राधिकृत करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– श्री संजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–05)

2. अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना लो–लैण्ड होने के कारण जल–जमाव की समस्या बनी रहती है। इसकी मिट्टी भराई, नाला, चहारदिवारी एवं रास्ता से संबंधित डी0पी0आर0 उपलब्ध कराने के संबंध में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, पटना से अविलंब माँग की जाय। तदालोक में अग्रेतर कार्रवाई खेल विभाग द्वारा की जायेगी।

(अनुपालन– श्री संजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–05)

3. बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना को पी0पी0पी0 मोड में संचालन करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री द्वारा निदेश दिया गया है। इसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस महाविद्यालय को पी0पी0पी0 में उत्कृष्टता के साथ संचालन हेतु कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर को प्रस्ताव उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

(अनुपालन– श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी–01)

4. कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर द्वारा बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय, पटना में हॉकी, डिप्लोमा इन स्पोर्ट्स कोचिंग कोर्स संचालित करने का प्रस्ताव दिया गया। जिसमें प्रशिक्षुओं की सं0 –20 रखे जाएंगे। परन्तु क्लासरूम, छात्रावास एवं मेस/डायनिंग हॉल की सुविधा बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0 महाविद्यालय में नहीं है।

इस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निदेश दिया गया कि सर्वप्रथम माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में पी0पी0पी0 मोड पर संचालन हेतु कार्य किया जाय।

(अनुपालन– श्री संजीव कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी–05 एवं श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी–01)

5. कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर द्वारा अवगत कराया गया है कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर का प्रथम परिनियम (Statutes) अभी तक स्वीकृत नहीं हो पाया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा इस पर अविलम्ब अग्रेतर कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– श्री अविनाश शंकर, प्रशाखा पदाधिकारी–01)

सधन्यवाद, बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

21.10.26

(दीपक आनन्द)
सचिव, खेल विभाग।

ज्ञापांक– 1/स्था०–27(पाठ्यक्रम)–01/2026 3873/ पटना/दिनांक– 21-10/2026

प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव के विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

21.10.26

सचिव।

ज्ञापांक– 1/स्था०–27(पाठ्यक्रम)–01/2026 3873/ पटना/दिनांक– 21/10/2026

प्रतिलिपिः– कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर/निदेशक (खेल निदेशालय), खेल विभाग/संयुक्त सचिव, खेल विभाग/ विभागीय सचिव के प्रधान आप्त सचिव/श्री अविनाश शंकर, श्री संजीव कुमार एवं श्री वीर अभिमन्यु, प्रशाखा पदाधिकारी/सहायक निदेशक, (क्रीड़ा)/श्री जयनारण कुमार, प्रभारी प्राचार्य, बी0पी0 सिन्हा रा0शा0शि0/ आई0टी0 मैनेजर/सभी संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

21.10.26

सचिव।